इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, रविवार, 28 अगस्त 2022

वर्ष 14 अंक 346 मूल्य 3-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।
- प्रेमचंद

तापमान - अधिकतम 36.0°C (+2.4) न्यूनतम 27.1°C(+1.7) सेंसेक्स 58,833.87 (+059.15) निफ्टी 17,558.90 (+036.45) सोना 52,760 चांदी 55,800 मुद्रा - डालर 79.99 दिरहम 21.78 रियाल 21.33

हू इज हुसैन के आह्वान पर हुआ 423 यूनिट रक्तदान

छोटा इमामबाड़ा केजीएमयू और एरा विवि पहुंच लोगों ने किया रक्तदान

रक्तदान करते हरिशंकर

लखनऊ (ब्यूरो)। अंतर्राष्ट्रीय संस्था हू इज हुसैन की ओर से नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन की याद में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था हू इज हुसैन ने एक दिन में वैश्विक स्तर पर 50 हजार यूनिट रक्तदान कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा था। संस्था की ओर से चलाए गये अभियान के तहत राजधानी के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अलग-अलग संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। राजधानी में हुसैनी ब्लड डोनर क्लब के सहयोग से हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा के पास, केजीएमयू और एरा विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में उलमा, खुतबा, शोअरा के साथ ही आम नागरिकों ने कुल 423 यूनिट रक्तदान किया। हुसैनी ब्लड डोनर क्लब के सचिव रियाज हुसैन ने बताया कि राजधानी के तीन अलग-अलग स्थानों पर एक साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सर्वाधिक 162 यूनिट रक्तदान केजीएमयू में हुआ। इसी तरह छोटे इमामबाड़े के बाहर लगे शिविर में 141 यूनिट और एरा विश्वविद्यालय में कुल 120 यूनिट रक्तदान हुआ। रियाज हुसैन ने बताया कि रक्तदान को लेकर लोगों में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होने वाला शिविर 5:30 बजे तक आयोजित किया गया। हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े के बाहर केजीएमयू की वैन खड़ी थी, जिसमें एक समय में तीन लोगों ने रक्तदान किया। रियाज हुसैन ने बताया कि इससे पूर्व में हुसैनी ब्लड डोनर क्लब की ओर से बीती 8 मोहर्रम को चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा गुफरानमआब में अब तक एक जगह का सर्वाधिक 186 यूनिट का रक्तदान हुआ था। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि राजधानी लखनऊ के अलावा जौनपुर, अयोध्या फैजाबाद, इलाहाबाद, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर, कौशाम्बी सहित अन्य जनपदों में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने रक्तदान किया।

एरा विवि में हुआ 120 यूनिट रक्तदान

एरा विश्वविद्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एरा विवि में कुल 120 यूनिट रक्तदान किया गया। एरा विवि के प्रो. शारिब अहमद ने कहा कि रक्तदान महादान है। ऐसे आयोजन रक्तदान के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करते हैं और रक्तदान करने से शरीर पर किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ता। प्रो. शारिब अहमद ने कहा कि लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए।